**कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

***दिनांक:- 26.02.2024***

**श्री प्रमोद कुमार पुलिस उपायुक्त काशी जोन महोदय द्वारा आगामी त्यौहारों के परिपेक्ष्य में शांति कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सघन चेकिंग व पैदल गश्त की गयी।**

आज दिनांक 26.02.2024 को श्री प्रमोद कुमार पुलिस उपायुक्त काशी-जोन कमिश्नरेट वाराणसी महोदय द्वारा श्री प्रभारी निरीक्षक चौक, प्रभारी निरीक्षक दशाश्वमेध व मय पुलिस टीम के साथ आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था के दृष्टिगत चौक तथा दशाश्वमेध के अंतर्गत संवेदनशील/अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग/ पैदल गश्त किया गया। पुलिस उपायुक्त के निर्देशन में काशी जोन के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा भी मिश्रित आबादी, संवेदनशील/अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में, भीड़-भाड़ वाले स्थानों में, तिराहों/चौराहों पर, धार्मिक स्थलों पर के आस-पास आदि जगहों पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन/वस्तु आदि की सघन चेकिंग तथा पैदल गश्त किया गया। चेकिंग/गश्त के दौरान जनता के व्यक्ति से संवाद स्थापित करते हुए "पुलिस मित्र" का संदेश दिया गया तथा आपसी सद्भाव/शांति एवं सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी तथा सोशल मीडिया के दुरुपयोग एवं अफवाहों के सम्बन्ध में भी लोगो को सचेत/जागरुक किया गया है। साथ ही पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा अपील/आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये-

1. पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा गस्त के दौरान जनता के साथ संवाद एवं समन्वय स्थापित करते हुए जनता में मित्र पुलिस का संदेश भी दिया गया। जिससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाया जा सके तथा आम लोग अपनी जान-माल की सुरक्षा हेतु पुलिस से सहज रूप से बिना किसी भय अथवा डर के अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को दर्ज करा सकें तथा अपराधियों के बीच भय उत्पन्न हो एवं शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित किया जा सके।
2. पुलिस उपायुक्त काशी जोन द्वारा सर्व सम्बन्धित से अपील की गयी कि आप लोग अफवाहों से बचें, यदि कोई व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म संप्रदाय का हो अफवाह फैलाते हो तो संबंधित प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष एवं पुलिस के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर अवगत कराएं। यदि कोई व्यक्ति अफवाहों पर विचार कर किसी प्रकार का कोई अवांछनीय कृत्य करेगा तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
3. पुलिस उपायुक्त काशी जोन द्वारा सर्व सम्बन्धित को अवगत कराया गया कि सोशल मीडिया/अन्य माध्यमों से नफरत व द्वेष फैलाने वाले अफवाहों से बचें तथा स्वयं भी सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रकार को कोई मैसेज न भेजे जिससे कानून व्यवस्था के प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होने पाये। सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।
4. जनता के व्यक्तियों से अपील की गयी की यदि अपने आस-पास संदिग्ध व्यक्ति / वस्तु दिखायी दे तो नजदीकी पुलिस को सूचित करें या आपतकालीन नम्बर 112 पर सूचित करें।
5. पुलिस उपायुक्त महोदय द्वारा अधीनस्थों को भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त पर्वों के दृष्टिगत नियमित रूप से चेकिंग व गशत करते रहें तथा कोई भी संदिग्ध बात प्रकाश में आने पर उच्चाधिकारीगण को अवगत करायें।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त,**
**जोन-काशी, कमिश्नरेट-**
**वाराणसी।**